हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026

04 नशा कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस करेगी अब कार्रवाई



07 राजगढ़ उर्स लगने से पहले ही अनियमितताओं का दौर शुरू





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 17 मार्च को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को सीहोर के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा और नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे। इसी प्रकार आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने पर पर्यावरणीय क्षति की भरपाई के लिए जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है, जिसके तहत 02 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2500 रुपये प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ तक भूमि वाले कृषकों पर 5000 रुपये प्रति घटना और 05 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15000 रुपये प्रति घटना पर्यावरणीय मुआवजे के रूप में वसूले जाएंगे।

### कलेक्टर ने बैठक में हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, बोले : समय पर कार्य करें

# टीएल: वन अधिकार दावों में देरी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को लगाई फटकार

### कलेक्टर बोले लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में देरी पर लगेगा जुर्माना, हार्वेस्टर में अतिरिक्त अटैचमेंट के उपयोग से हो नरवाई प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान वन ग्रामों के संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान के कार्यों में लगातार हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने वन मित्र पोर्टल पर लंबित व्यक्तिगत वनाधिकार दावों के निराकरण में विलम्ब पर संबंधित वन एवं राजस्व अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वन मित्र पोर्टल पर दर्ज व्यक्तिगत वनाधिकार दावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों और वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन शासन की प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में इसी प्रकार की लापरवाही और देरी जारी रही तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये जिले मे एचपीवी अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान को अधिक गति प्रदान करने के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि लक्षित बालिकाओं का समय सीमा में टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर एवं टीकाकरण की कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। इसके साथ ही विशेष टीकाकरण सत्रों का भी आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और भविष्य में महिलाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाऐगी।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी का उद्देश्य नागरिकों को तय समय-सीमा में शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी अधिकारी इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पंजीयन के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना की जनपद एवं नगरीय निकायवार समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को योजना से जोड़ा जाए। पात्र श्रमिकों को योजना की जानकारी देकर उन्हें पंजीयन के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें भविष्य में पेंशन का लाभ मिल सके। उन्होंने सीहोर नगर पालिका द्वारा सबसे कम पंजीयन किये जाने पर घोर नाराजगी जताई।

### हार्वेस्टर में अतिरिक्त अटैचमेंट के उपयोग से हो नरवाई प्रबंधन

कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए तथा उन्हें इसके नुकसान के बारे में बताया जाए। साथ ही किसानों को नरवाई के वैकल्पिक प्रबंधन के उपायों की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की कटाई के समय हार्वेस्टर में अतिरिक्त अटैचमेंट लगवाया जाए, ताकि फसल जड़ के किनारे कटे और खेत में नरवाई कम बचे। उन्होंने बताया कि गेहूं की कटाई के दौरान हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या हैप्पी सीडर अटैचमेंट का उपयोग करना फायदेमंद होता है। इससे फसल जड़ के करीब से कटती है और पराली कम बचती है। बची हुई नमी में सीधे सुपर सीडर के माध्यम से अगली फसल की बुवाई भी संभव हो जाती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता।

**दिन में बिजली सप्लाई बंद रखने के दिए निर्देश:** बिजली लाइनों की स्पार्किंग से गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने दिन के समय बिजली सप्लाई बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि ट्रांसफार्मर तथा विद्युत लाइनों के आसपास विशेष सावधानी बरतें। साथ ही किसी भी प्रकार की स्पार्किंग या खराबी दिखाई देने पर तुरंत विद्युत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत समय पर कैंप लगें

कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में निर्धारित समय पर शिविर आयोजित किए जाएं और अधिक से अधिक नागरिकों के प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी नियमित रूप से संबंधित पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि कार्यों की पारदर्शिता और निगरानी बनी रहे।

### ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके

कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) योजना के तहत डेढ़ लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने तथा पात्र पीड़ितों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

## निपानिया खुर्द में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम निपानिया खुर्द में सोमवार दोपहर एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस घटना में लगभग 20 क्विंटल गेहूं जलकर राख हो गया।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस आगजनी से सुरेश, सजन सिंह, हरिप्रसाद और कमल सिंह नामक ग्रामीणों को नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य शफीक खान ने बताया कि उन्हें निपानिया खुर्द में खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया गया है कि खेत में आग लगी देखकर ग्रामीणों ने पहले अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया था।

इसी दौरान उन्होंने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया।आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं हो सका है।

## नेशनल हाईवे-46 पर हुआ सड़क हादसा एक युवक की मौत, तीन गंभीर घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

रंग पंचमी के त्योहार के बीच रविवार शाम नेशनल हाईवे-46 पर गडरिया नाले के ओवरब्रिज पर भीषण सड़क हादसा हो गया।

घटना लगभग 8 बजे की बताई जा रही है तेज रफ्तार होंडा अमेज कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई हादसा इतना गंभीर था कि कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार चारों युवक नर्मदापुरम से भोपाल की ओर जा रहे थे कार में सवार तीन लोग मंडीदीप और एक बरेली (जिला रायसेन) का निवासी बताया जा रहा है हादसे में मनीष उर्फ मिंटू वर्मा (36) पुत्र हुकुमचंद निवासी मंडीदीप की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में कृष्णकांत वर्मा पुत्र हेमराज30वर्ष निवासी मंडीदीप, देवेंद्र विश्वकर्मा पुत्र धनराज सिंह 35वर्ष निवासी मंडीदीप तथा दीपेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा36वर्ष निवासी बरेली जिला रायसेन (वर्तमान में भोपाल निवासी) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 1033 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों को मधुबन अस्पताल तथा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा और उप निरीक्षक संदीप जाट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। सोमवार सुबह सिविल अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया हादसे की खबर मिलते ही देर रात तक अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लगी रही फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अस्मिता लीग आयोजित

# बालिकाओं और महिलाओं ने दौड़, रस्सीखींच प्रतियोगिता में उत्साह के साथ की सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सीहोर के चर्च ग्राउंड पर 'अस्मिता लीग' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं नेशनल हॉकी खिलाड़ी अरुणा पारे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच सौरभ यादव और एनआईएस कोच मीना परमार ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में अंडर–13 वर्ग 100 मीटर दौड़ में नैंसी दांगी प्रथम, काजल मेवाड़ा द्वितीय और आरुषि लोधी तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार 13-18 आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम नंदिनी वर्मा, द्वितीय सलोनी मेवाड़ा और तृतीय स्थान पर नैंसी दांगी रहीं।

200 मीटर दौड़ में प्रथम नंदिनी वर्मा, द्वितीय सलोनी मेवाड़ा और तृतीय दीपिका नागर रहीं। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ में प्रथम ऋषिका यादव, द्वितीय नंदिनी वर्मा और तृतीय हिमांशी रहीं।

इसी क्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम नंदिनी वर्मा, द्वितीय सलोनी मेवाड़ा और तृतीय दीपिका नागर रहीं। 200 मीटर की दौड़ में प्रथम दीपिका कुशवाहा, द्वितीय गिरिजा मौर्य और तृतीय कविता रहीं। 400 मीटर की दौड़ में प्रथम कविता ओझा, द्वितीय लक्ष्मी वर्मा और तृतीय तबस्सुम रहीं।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के दल ने रस्साकसी में भी भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम डिप्टी डायरेक्टर निक्की राठौर, जिला खेल अधिकारी रुबिका दीवान, पवन पंसारी, प्रमोद उईके, आनंद पंसोरिया, मनोज कन्नौजिया सहित वॉलंटियर्स उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन के लिए 10 तक बढ़ाई गई किसान पंजीयन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** शासन द्वारा किसानों सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तक बढ़ा दी गई है। पहले अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित थी, जिसे अब 10 मार्च कर दिया गया है।

खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे।

जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।

पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा।

## 107 गर्भवती महिलाओं की जांच, 70 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगी



**सीहोर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिले की अलग-अलग स्वास्थ्य संस्थाओं और शिविरों के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इन शिविरों को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हाल ही में आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष तक की आयु के 700 बच्चों का टीकाकरण किया गया। वहीं एक वर्ष से अधिक आयु के 260 बच्चों को भी टीके लगाए गए। इसके अलावा 107 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई।

**बालिकाओं को भी लगाई जा रही एचपीवी वैक्सीन :** स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को भी टीका लगा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक जिले में 70 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन दी जा चुकी है।

**सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अभियान :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे गंभीर कैंसर है। इस बीमारी से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा देशभर में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है, जो अगले तीन महीनों तक चलाया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



### सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर बाइज को 2-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर सोमवार की शाम को जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर बाइज को 2-0 से हराया। इस मैच के दौरान सीहोर चिल्ड्रन के स्ट्राइकर युवराज ने मैच के अंतिम समय में दो गोल किए। एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि सोमवार की शाम को खेले गए जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का मुकाबला हाफ तक रोमांचक रहा।

### सात दिवसीय भागवत कथा 12 मार्च से

**सीहोर।** समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मुखरविन्द से आगामी 12 मार्च से 18 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जायसवाल परिवार की ओर से संजय जायसवाल ने बताया कथा का शुभारंभ 12 मार्च से सुबह साढ़े ग्यारह बजे गंगा आश्रम स्थित होटल सविराज से आरंभ होकर कथा स्थल शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर पहुंचेगी और उसके उपरांत प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी।

### सूखा राहत प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म काल में पेयजल समस्याओं की सूचना प्राप्त करने, संबंधितों को सूचनायें प्रेषित करने, प्राप्त सूचनाओं पर की गई कार्यवाही का विवरण संकलित करने एंव ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी संकलित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खण्ड सीहोर एवं उपखण्डों के अंतर्गत सूखा राहत प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड सीहोर स्तर पर गठित कंट्रोल रूम का नंबर 9893416712 है। इसी प्रकार सीहोर उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9425682161, भैरूंदा उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9589499102, आष्टा उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 8839362991 और बुधनी उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 7489803741 है।

## एसपी बोले: सड़क दुर्घटना रोकने यातायात नियम का पालन जरूरी

# नशा कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस करेगी अब कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में शनिवार रात मोती बाबा मंदिर के पास हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने सोमवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक, कोतवाली थाना प्रभारी और यातायात थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि यदि कोई वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए गंभीर सड़क दुर्घटना करता है और उससे किसी व्यक्ति की मौत होती है, तो उसके खिलाफ पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुसार सदोष मानव वध की धाराओं में मामला दर्ज किया जाए।

**दुर्घटना पीड़ितों को 1.50 लाख तक मुफ्त इलाज :** उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित सड़क दुर्घटना पीड़ित नकदी रहित उपचार योजना के तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्तियों को किसी भी अस्पताल में 1 लाख 50 हजार रुपए तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

### मदद करने वाले को मिलेगा 25 हजार का पुरस्कार

राह वीर योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने या चिकित्सा सहायता दिलाने में मदद करता है, तो ऐसे व्यक्ति को "नेक राहवीर" मानते हुए शासन की ओर से 25 हजार रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि आने वाले दिनों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। ऐसा करने से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और अमूल्य मानव जीवन की हानि होती है। पुलिस ने कहा कि नागरिक सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके और जनसुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## गिलावनी माता मंदिर परिसर में फिल्म मेकर टीम को परोसा जा रहा था नानवेज, बजरंग दल ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर के गिलावनी माता मंदिर परिसर में रह रही फिल्म मेकर टीम द्वारा नानवेज बनाने की खबर मिलते ही सोमवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि फिल्म मेकर टीम द्वारा मंदिर परिसर में मांसाहारी भोजन बनाने से न सिर्फ मंदिर परिसर अपवित्र हो रहा है बल्कि हिन्दू धर्म की आस्थाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि टीम को यहां से नहीं हटाया गया तो बजरंग दल को उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। बता दें कि नगर में पिछले तीन दिनों से फौजी वेव सिरीज़ की शूटिंग चल रही है। फिल्म मेकर टीम गिलावनी माता मंदिर परिसर में ठहरी हुई है। इसी परिसर में हनुमान मंदिर भी है। सोमवार को बजरंग दल को सूचना मिली कि टीम को भोजन में अंडे व मांस आदि परोसा जा रहा है।

इससे बजरंग दल के कार्यकर्ता भड़क गए। बजरंग दल के प्रखंड समरसता प्रमुख सौरभ मकरेया ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके ने जाकर देखा तो वहां अंडे और चिकन की सब्जी मौके पर मिली। श्री मकरेया ने कहा कि इस पर हमने टीम के जिम्मेदारों के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है साथ ही चेतावनी दी है कि कल तक परिसर खाली नहीं किया तो हमारे द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**शूटिंग से रोजगार हुआ चौपट :** नगर में पिछले तीन दिनों से चल रही फौजी वेव सिरीज़ की सूटिंग नागरिकों और व्यापारियों के लिए परेशान का सबब बन रही है। दरअसल सूटिंग के लिए मेकर टीम ने पूरे बस स्टैंड परिसर को रस्सी बांधकर बंद कर चारों ओर से दिया है। इससे परिसर में स्थित सब्जी, फल सहित अन्य दुकानदारों का पूरा व्यवसाय चौपट हो रहा है। इसके चलते इनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इछावर एसडीएम स्वाती मिश्रा ने बताया कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। मैं सीएमओ को भेज कर जांच करवाती हूं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। नप सीएमओ धर्मराज यादव ने बताया कि मेरे संज्ञान में भी यहां मामला आया था। मैंने तुरंत नगर पालिका की टीम को जांच करने भेजा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## वन रक्षक ने दो तस्करों की बात स्वीकारी, वन विभाग ने एक तस्कर पर कार्रवाई का प्रेसनोट किया जारी

### ग्रामीणों ने चोर समझकर की धुनाई, पांच सागौन सिल्लियां और बाइक जब्त



**भैरूंदा।** सागौन तस्करी के एक मामले में वन विभाग की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। मामले में पकड़े गए आरोपी ने खुद स्वीकार किया कि वह अकेला नहीं था, बल्कि उसके साथ एक और साथी भी था जो मौके से फरार हो गया। इतना ही नहीं, वन रक्षक ने भी बयान में दूसरे व्यक्ति के होने की पुष्टि की है, लेकिन विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट में केवल एक ही आरोपी का जिक्र किया गया। ऐसे में कार्रवाई की पारदर्शिता को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार 8 मार्च की देर रात वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाड़कई से भैरूंदा मार्ग पर कुछ लोग दोपहिया वाहनों से अवैध रूप से सागौन की सिल्लियां लेकर जा रहे हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल से पांच सागौन की सिल्लियां जब्त कीं।

वन रक्षक जयप्रकाश तील्लोरे ने बताया कि छिदगांव मौजी में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पकड़ रखा था। उसके पास मोटरसाइकिल में बंधी पांच सागौन की सिल्लियां मिलीं। पूछताछ में उसने अपना नाम इस्ताक खान पिता उस्मान खान निवासी लाड़कई बताया। आरोपी ने यह भी बताया कि उसके साथ एक अन्य साथी पहलाद निवासी विलाखेड़ा भी था, जो मौके से फरार हो गया। बताया गया कि पीछे से आ रही एक अज्ञात चार पहिया गाड़ी के डर से आरोपी मोटरसाइकिल में बंधी सागौन की सिल्लियां सड़क पर छोड़कर एक घर में जा छिपा। घर मालिक को शक हुआ कि कोई चोर घर में घुस गया है, जिसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पकड़कर मारपीट कर दी। बाद में पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 5(1), 15 व 16 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है। जब्त की गई पांच सागौन सिल्लियों का घनत्व 0.286 घन मीटर पाया गया, जिसकी दो गुना कीमत करीब 30 हजार 888 रुपये बताई गई है। आरोपी के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आने पर पहले लाड़कुई के शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया, बाद में उसे सिविल अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि पूरे मामले में सवाल यह उठ रहा है कि जब आरोपी और वन रक्षक दोनों ने दूसरे व्यक्ति के होने की बात कही, तो फिर वन विभाग के प्रेस नोट में उसका जिक्र क्यों नहीं किया गया।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 6 से 8 मार्च तक तीन दिवसीय जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों द्वारा सीहोर के ग्वालटोली स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में फिट इंडिया वूमन्स विक थीम के अनुसार महिलाओं को जूडो, कराटे एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान भगवतीलाल मालवीय, भूपेंद्र अहिरवार, सुरेश पांचाल, दीपांशु दिसावरी सहित अन्य कर्मचारी एवं महिलाएं उपस्थित थीं। इसी प्रकार सीहोर के



वन स्टॉप सेंटर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित गया। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने योग का अभ्यास किया और महिलाओं को योग के माध्यम से तनाव कम करने का संदेश दिया। इस दौरान महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी सरकार योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## बहावलपुरी समाज के दूसरी बार अध्यक्ष बने धर्मपाल मदान

**बुधनी।** स्थानीय भैरव मंदिर परिसर में बहावलपुरी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के नए मुखिया का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक का संचालन ओमप्रकाश तनेजा ने किया जबकि चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में चेतन चंद्र पंजाबी उपस्थित रहे। बैठक में समाज के वरिष्ठजन दीनदयाल पंजाबी, राजेंद्र चंद्र फेरी, लक्ष्मी नारायण चंद्र फेरी, अनिल वर्मा, धनराज खत्री, अर्जुन दास पंजाबी,सतपाल वर्मा सहित अन्य समाजजन मौजूद रहे।

बैठक के दौरान राकेश तनेजा ने धर्मपाल मदान का नाम पुनः अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया जिसका भगवान दास बत्रा सहित



उपस्थित समाजजनों ने तालियां बजाकर समर्थन किया सर्वसम्मति से धर्मपाल मदान को बहावलपुरी समाज का पुनः अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों ने धर्मपाल मदान को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की वरिष्ठजनों ने उन्हें समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने और समाजहित में कार्य करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

## टी-20 वर्ल्ड कप पर भारत का कब्जा, मनाया जीत का जश्न

# चौक-चौराहों पर आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमे क्रिकेट प्रेमी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भारत द्वारा आईसीसी मेंस टी 20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद पूरे देश के साथ नगर भैरूंदा में भी जश्न का माहौल देखने को मिला। भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 96 रनों से पराजित कर तीसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। जैसे ही टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत की खबर आई, वैसे ही नगर में क्रिकेट प्रेमियों और युवाओं ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाना शुरू कर दिया।

### चौक-चौराहों पर दिवाली जैसा माहौल

रात करीब 11 बजे नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। हाथों में तिरंगा लिए युवाओं ने आतिशबाजी कर भारत माता के जयघोष लगाए। नगर के दुर्गा चौक पर क्रिकेट प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते नजर आए और जीत की खुशी में नृत्य करते रहे। पूरे नगर में होली और दिवाली जैसा उत्साहपूर्ण माहौल दिखाई दिया।

### नेताओं और नागरिकों ने दी बधाई

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने टीम इंडिया को ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह देश के लिए गौरव का क्षण है।

उन्होंने कहा कि दिन में जहां पूरे देश में रंगों का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, वहीं रात में टीम इंडिया की जीत ने दिवाली जैसा माहौल बना दिया। भारत ने इस शानदार जीत के साथ क्रिकेट इतिहास में एक और उपलब्धि दर्ज की है।

### आधी रात तक चलता रहा जश्न

भारत की जीत की खुशी में नगरवासियों ने देर रात तक जश्न मनाया। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ सड़कों पर नृत्य किया और तिरंगा लहराते हुए एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, किसान युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित भाजपा व कांग्रेस के नेता और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी कर ढोल-बाजों की थाप पर थिरकते हुए जीत का जश्न मनाया।

## बैंकिंग करियर पर सेमिनार, छात्रों को बैंकों में अवसरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



शासकीय महाविद्यालय भैरूंदा के सभागार में सोमवार को करियर सेमिनार और कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शिवोमय टेक एंटरप्राइजेज (एनआईआईटी चैनल पार्टनर) इंदौर के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें कॉलेज के अंतिम वर्ष के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने के अवसरों की जानकारी दी गई।

सेमिनार में विद्यार्थियों को एचडीएफसी एसीई बैंकर और एक्सीस यंग बैंकर (एनआईआईटी प्लेसमेंट ड्राइव) कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने इन कार्यक्रमों की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और बैंकिंग सेक्टर में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को एचडीएफसी और एक्सीस बैंक में असिस्टेंट मैनेजर (प्रशिक्षण उपरांत) पद पर नियुक्ति के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े करियर विकल्पों को समझा।

छात्रों ने सेमिनार को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी अक्षय पंवार ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए लाभदायक बताते हुए शिवोमय टेक एंटरप्राइजेज का आभार व्यक्त किया। वहीं प्राचार्य डॉ. एस. एस. मीना ने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों के करियर को ध्यान में रखते हुए आगे भी इस तरह के सेमिनार और प्लेसमेंट गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी।

दूर-दराज शहरों से आए हिंदू दुकानदार पलायन को हो रहे हैं मजबूर

# राजगढ़ उर्स लगने से पहले ही अनियमितताओं का दौर शुरू



### 4 माह बाकी होने पर भी नई कमेटी का कर दिया गठन

लेकिन हद तो जब हो गई कि वक्फ बोर्ड ने पूर्व की कमेटी के चार माह बाकी होने पर भी एक नई कमेटी पैराशूट से उतार दी। नव गठित कमेटी ने पूर्व कमेटी से अपना हिसाब किताब मांगना शुरू कर दिया और पूर्व कमेटी के द्वारा किए गए सभी टेंडर को निरस्त करते हुए अपने निजी मनगढ़ंत कहानी बनाकर निजी स्वार्थ के लिए मनगढंत टेंडर करना शुरू कर दिए। लेकिन जब मेले का दिन करीब आने लगा वैसे ही शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों में रोस सा छा गया और दबी जुबान से सब वक्फ बोर्ड का विरोध करने पर उतारू हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/राजगढ़

जिले में स्थित सूफी बाबा बदख्सानी रहमतुल्लाह अलैह के यहां होने वाले सालाना उर्स मुबारक का आगाज हो चुका है। बता दें कि तत्कालीन प्रबंधन कमेटी जो की मोहम्मद शफीक गाम के नेतृत्व में लगातार अपने कार्य को अंजाम दे रही थी जबकि वक्फ बोर्ड ने उर्स मुबारक संपन्न करने के लिए सफीक गाम कि प्रबंधन कमेटी को नोटिफिकेशन जारी करते हुए आदेश किया था कि उर्स संपन्न करने के लिए झूले लाइट सफाई अपनी पार्किंग जैसी सभी टेंडर के लिए विज्ञप्ति जारी की जाए जिससे कि आने वाले उर्स में किसी भी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। वक्फ बोर्ड के पालन में तत्कालीन समिति ने विज्ञप्तियां जारी करते हुए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी जबकि टेंडर की समय सीमा तक जो बिजली झूले एवं पार्किंग के जो टेंडर आए थे वह टेंडर होने की अंतिम तारीख के पहले वक्फ बोर्ड ने फिर से एक फरमान जारी कर दिया जिसमें वक्फ बोर्ड ने एक नई समिति को गठित कर दिया जबकि पूर्व की तत्कालीन शफीक गाम वाली कमेटी का 4 माह का कार्यकाल बाकी था।



वक्फ बोर्ड ने जैसे ही नई कमेटी की घोषणा कर दी इसके बाद जब राजगढ़ में हलचल का दौर शुरू होगया। बता दें कि पूर्व कमेटी के द्वारा किए गए सभी टेंडर को नवनियुक्त कमेटी ने निरस्त कर दिया जबकि नियम अनुसार पूर्व कमेटी को वक्फ बोर्ड ने आदेशित किया था कि टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के लिए विज्ञप्ति जारी कर टेंडर करवाया जाए इसी के चलते पूर्व कमेटी ने सुचारू रूप से अपने कार्य को अंजाम देते हुए सभी प्रक्रियाएं सतत जारी रखी। प्रदेश अध्यक्ष वक्फ बोर्ड सनवर पटेल ने कहा, मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है शिकायत आएगी तो कार्रवाई होगी।

### क्यों दिया चार माह पहले इस्तीफा

पूर्व कमेटी के सदर सफीक गाम से आखीर चार माह बाकी होने के पहले ही इस्तीफा क्यों ले लिया गया और अगर इस्तीफा अगर लेना ही था तो उन्हें उर्स करने के लिए टेंडर एवं विज्ञप्तियों के लिए बोर्ड ने क्यों नोटिफिकेशन जारी किया। लेकिन बड़ी बात तो यह है कि जब नवगठित कमेटी ने जैसे-जैसे काम शुरू किया तो अनेकों अनियमिताएं देखने में सामने आने लगी उर्स के पहले बाबा हुजूर की गुंबद का कलश उतारा जाता है एवं गुसल के बाद वापस कलश शरीफ चढ़ाया जाता है उसमें कलश को अदब एतराम करते हुए उतरते हैं। बाबा पर आस्था रखने वाले लोग उस कलश को उतारते हुए चुमकर एवं अपना सरताज बनाकर सर से लगाकर अदब के साथ उसको आगे बढ़ाया जाता है लेकिन यह रस्म नवगठित कमेटी के सदर ने नहीं किया जिससे शहर के कई लोग नाराज हुए एवं शहर वासियों का कहना है कि बाबा हुजूर के यहां जो खादिम सदर बनता है वह सूफियों पर अकीदा रखने वाला होना चाहिए। लेकिन यहां पर तत्कालीन वक्फ बोर्ड ने जो सदर बनाया है वह जमाती लाइन का व्यक्ति है जो पूर्व से मस्जिद में नमाज पढ़ाकर इमामत करते थे। वह बाबा हुजूर पर एवं सूफियाना पर अपना अकीदा नहीं रखते हैं यह लोग बाबा हुजूर के यहां कदम बोसी एवं चादर चुमने को सिर्क कहते हुए इसका विरोध करते हैं, लेकिन वक्फ बोर्ड ने उसी को वक्फ संपत्ति बाबा बाबा बदख्शांनी रहमतुल्लाह आले के यहां सदर बना कर भेज दिया।

### दुकानदारों से लूटपाट के मामले आने लगे सामने

लेकिन जैसे ही कमेटी के मेंबरों ने ग्राउंड में काम करना शुरू किया। उर्स सम्पन के पहले जब दुकानदारों को वक्फ संपत्ति पर दुकान एलार्ट की जाती हैं उन दुकानों में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ रहा है जिसमें दुकानदार आरोप लगा रहे हैं कि नवगठित कमेटी ने पूर्व की सभी कमेटियों से ज्यादा लूटपाट शुरू कर दी है। कुछ दुकानदारों का कहना यह भी है कि हमें पूर्व से जो 7000 में जगह मिल रही थी उस जगह का 80000 और डेढ़ लाख रुपए तक की डिमांड कर रहे हैं। पैसे नहीं देने पर हमें यह कहकर भगाया जा रहा है कि चले जाओ तुम्हारा कोई यहां पट्टा नहीं है, जबकि राजगढ़ बाबा हुजूर के उर्स में सभी आस्था के हिसाब से अपनी दुकान लेकर आते हैं कि बाबा हुजूर के मेले में कुछ कमाई होगी जिससे कि परिवार भरण पोषण सुचारू रूप से चलेगा। लेकिन नवगठित कमेटी ने तो सभी हदें पार करत दी, राजगढ़ के ही निवासी कुछ लोगों का कहना है कि विधिवत पूर्व कमेटी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जो टेंडर कराए थे उसमें हमने भी भाग लिया था। जिसमें मेरा टेंडर को नवगठित कमेटी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए निरस्त कर दिया है जबकि मेरा टेंडर वर्तमान टेंडर से ज्यादा था।

# नगर में रंग पंचमी का त्योहार डीजे की धुन, नपा फायर ब्रिगेड के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेड़ा

प्रतिवर्ष की भांति रंगों की रंगरलिया एक दूसरे के साथ अटखेलिया खेलने का मजा तो सिर्फ रंग पंचमी के दिन ही पूरा होता है क्योंकि लोग कई दिनों पहले से इस त्यौहार के इंतजार का इंतजार करते हैं छापीहैड़ा में नन्हे नन्हे बच्चे रंगों से भरी पिचकारीया बंदूके लेकर रंगों के गुब्बारे एक दूसरे पर फोड़ने का कार्य इस दिन निरंतर जारी रखते हैं नगर के सभी प्रबुद्ध जन लोग एकत्रित होकर डीजे के साथ तथा नपा की फायर ब्रिगेड की पानी की धार के साथ नाचते गाते एक दूसरे को रंग लगाते हुए बस स्टैंड से रवाना होकर तालाब परिसर पाटीदार मोहल्ला कुशवाह काची मोहल्ला के दरकिनार होते हुए स्वर्णकार गली के माध्यम से बाजार चैक श्री राम मंदिर परिसर के आजू-बाजू नाचते हुए इस त्यौहार में मनोरंजन के साथ-साथ रंगों की बौछार के साथ चलते दिखाई पड़ते आखिर में छापीहेड़ा बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क के आसपास सभी एकत्रित होकर गुलाल रंगों की फुहार के साथ आमसभा को संबोधित करते हैं जिसमें नगर के वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष बद्री लाल रजक के कपड़े फाड़ दिए तथा रंग पंचमी के प्रबुद्ध जन को चप्पलों की माला पहनते झाड़ू से हवा करते हुए नजर आए नगर के वरिष्ठ जन को आम सभा के बीचो-बीच सबके सम्मुख बिठाकर अपनी अपनी झूठी मूठी कहानीया प्रेषित करते हैं इस त्यौहार पर सबसे मिलजुल कर हंसी मजाक करना सबसे बड़ी मिलनसार की अटखेलिया खेलने का एक सुनहरा त्यौहार रंग पंचमी का ही होता है इस मौके पर हेमंत सेठिया दीपक इंग्ले रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता बद्री लाल रजक नीरज सेठिया श्याम चालीस गाओकर शिक्षक सेन साहब तथा सभी नगर वासी।

## भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री सिंह से मिले सारंगपुर के कांग्रेसजन, समस्याएं बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह से शनिवार को भोपाल में सारंगपुर के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय ने बताया सारंगपुर क्षेत्र में पानी की कमी, बेरोजगारी, महंगाई, पंजीयन करने पहुंचे किसानों को वापस घर भेजना, बीमा मुआवजा की कार्रवाई करने जैसे मामलों पर ध्यान आकर्षित करवाया। इस मौके पर कांग्रेस नेता बाबूलाल मालवीया, कमल परमार, इसीन जैन, घनश्याम मालवीय, दिनेश पुरी गोस्वामी, महेश खाती, आशीष विश्वकर्मा, सुनील वर्मा आदि मौजूद थे।

# वंदे मातरम स्वर्णिम भारत विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत" विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोत्सना दांगी, कुसुम टांक, अर्चना राय आरक्षक समता गुप्ता, एवं प्रिया पुष्पद पार्षद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी प्रकृति की अनमोल रचना है। एक ओर वह कोमल है तो दूसरी ओर शक्ति स्वरूपा भी है। शारीरिक दृष्टि से पुरुष अधिक बलशाली माना जाता है, फिर भी "नारी शक्ति" शब्द ही प्रचलित है, क्योंकि शक्ति का स्वरूप नारी ही है। शक्तियों की पूजा देवी के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण से लेकर विश्व निर्माण तक महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला शांति और समरसता की अग्रदूत होती है, क्योंकि ईश्वर ने उसे अनेक गुण और क्षमताएं प्रदान की हैं। जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुमारी मुस्कान और कुमारी मीरा ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सभी ने फाग उत्सव धूमधाम से मनाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली।

# श्रीमद भागवत कथा 16 मार्च से पोस्टर का विमोचन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

नगर के पीला खाल खेल मैदान पर 16 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ पोस्टर विमोचन के साथ हुआ। नगर के गणमान्य नागरिक व आयोजन समिति के सदस्यों ने पावर हाउस स्थित माता मंदिर के प्रांगण में बैठकर पोस्टर विमोचन कर प्रचार प्रसार का शुभारंभ। बता दें कि करीब 20 वर्षों बाद गेहूं खेड़ी के प्रेम नारायण जी के मुखारविंद से यह कथा होने जा रही है। 16 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च को खत्म होने वाली कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे रहेगा। पोस्टर विमोचन के दौरान ही नगर के गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की तैयारियाँ के संबंध में चर्चा भी की फिर प्रचार प्रसार समिति, जल सेवा समिति, भोजन व्यवस्था समिति, साफ सफाई व्यवस्था समिति, निगरानी समिति, पार्किंग व्यवस्था समिति सहित अन्य समितियां के नाम को लेकर चर्चा जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर में आने वाले दिनों में घर-घर जाकर पीला चावल देकर न्योता दिया जाएगा ऐसा निर्णय भी इस दौरान लिया गया। प्रचार प्रसार में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो इसको लेकर भी शहर की महिला संगठनों से संपर्क भी किया जाएगा। उपस्थिति लोगों ने माँ जगदम्बे को पहला निमंत्रण देकर इस आयोजन को निर्विघ्न रूप से सम्प्पन करवाने का आह्वान भी किया। कथा के शुभारंभ अवसर से पूर्व पावर हाउस स्थित माता मंदिर से कलश यात्रा शुभारंभ होगी। जिसमें सैकड़ो महिलाएं व पुरुष हिस्सा लेंगे 8 बजे से शुरू होकर यह कलश यात्रा 10 बजे तक कथा स्थल तक पहुंच जाएगी। सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित ये आयोजन इस बार विशेष होने जा रहा है।

## जंगल धधक उठा: गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

वन परिक्षेत्र के आसपास फैले प्राकृतिक जंगलों में भी आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर नगर के चारों ओर फैले अधिकांश जंगल वन विकास निगम के हैंडओवर में हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है।इसी कड़ी में ग्यारसपुर नगर से लगे गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र, जहां श्मशान शेड और वन विभाग की नर्सरी स्थित है, वहां के जंगल में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी क्षेत्र में किसानों की फसलें पककर तैयार खड़ी हैं। यदि जंगल की आग खेतों की ओर बढ़ती है तो किसानों की मेहनत से तैयार फसलें भी पल भर में जलकर राख हो सकती हैं।

# चलते ट्रक में आग लगी, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नेशनल हाईवे पर सारंगपुर-अकोदिया रोड स्थित ब्रिज के पास शनिवार शाम को एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, एसआई अमित त्यागी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वहीं नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक जीजे 12 जेड 0184 में अचानक धुआं उठने के बाद आग भड़क गई थी। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग की वजह से ट्रक का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारु रूप से चालू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# गिरिराज की हवेली पर रंग पंचमी मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेड़ा

ग्राम सिरपोई जिला आगर मालवा में स्थित गिरिराज की हवेली पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गिरिराज की हवेली कदम खंडी सिरपोई में रंगपंचमी महोत्सव (फागोत्सव) एवं गिरिराज का 24 पाटोसव सोमयज्ञ सम्राट आचार्य व्रजोत्सव महाराज के सानिध्य में मनाया गया।

सभी वैष्णव जन भक्तजन इस कार्यक्रम में पधारे अपने-अपने गले में उपरना कर एवं महिलाएं केसरिया लाल साड़ी पहन कर इस कार्यक्रम में एकत्रित हुई आनंद ही आनंद बरसा छापीहेड़ा से द्वारका प्रसाद टाक ओम सेठिया रामकुमार सेठिया योगेश चैरसिया मुकेश चैधरी महेश गुप्ता (लाज वाले) योगेश गुप्ता श्रवण अग्रवाल पुरुषोत्तम गुप्ता महिला मंडल में नीतू गुप्ता सीमा गुप्ता उषा गुप्ता शीतल गुप्ता बबली गुप्ता वर्षा गुप्ता रीना गुप्ता गंगा गुप्ता आदि मातृशक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहे, पुलिस कप्तान ने तीसरी आंख से नजर रखी

# रंगपंचमी का त्योहार भव्य रूप से मना, नगर में उत्साह का माहौल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर में भव्य रूप से रंगपंचमी का त्योहार मनाया गया पूरे नगर में रंग और उत्साह का माहौल देखा गया। एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नजर आए वही दूसरी और पुलिस कप्तान अमित तोलानी ने थाने में। कैमरा कंट्रोल यानी तीसरी आंख से रखी नजर, वही हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में होली उत्सव के सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव के अंतर्गत रविवार को नगर में भव्य गैर चल समारोह निकाला गया। बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पूरे शहर में निकाली उत्साह और उल्लास का माहौल बनाती हुई निकली गैर चल समारोह बालरूप हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर भोईवाड़ा, गांधी चैक, सादर बाजार, महाकाल चैराहा, मुखर्जी चैक, त्रिपोलिया बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद, रंगेरवाड़ी, बागकुआ टंकी, बदलीपुरा और दीनदयाल चैराहा होते हुए न्यू बस स्टैंड पहुंची। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने रंग, गुलाल और ढोल-नगाड़ों के साथ गैर का भव्य स्वागत किया। युवाओं और नागरिकों ने नाचते-गाते हुए रंगपंचमी का उत्सव मनाया और पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गैर के समापन पर बस स्टैंड पर फायर ब्रिगेड और टैंकर के माध्यम से रंगों की बारिश की गई, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया। पूरे चल समारोह के दौरान ढोल की थाप पर लोग झूमते नजर आए और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।



वही गैर के समापन से पूर्व महाकाल चौराहा मित्र मंडल द्वारा गैर में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। समापन के बाद नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा बस स्टैंड उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार करवाया।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थिति रहे। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा तथा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे पटवारी शहजाद मंसूरी सहित प्रशासनिक अमला राजनीतिक दलों के पदाधिकारी हिंदू उत्सव समिति महादेव मित्र मंडल सहित अन्य सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इन्होंने भी किया स्वागत

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो अली के नेतृत्व मंच सजाकर रंगपंचमी जूल्स का स्वागत किया तो वही दूसरी ओर सद्भावना मंच संयोजक निजाम कुरैशी के नेतृत्व में सदर अनुजमन कमेटी सदर अलीम बाबा आदि लोगों ने रंगपंचमी के जुलूस का भव्य स्वागत किया आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और पूरे नगर में रंग, उमंग और भाईचारे का संदेश दिया।

### वनरक्षकों ने सीखी हरियाली रखने की तकनीकि

**देवास।** पर्यावरण संरक्षण और वानिकी के गुर सिखाने के उद्देश्य से वन विद्यालय झाबुआ के 83 वें प्रशिक्षु वनरक्षक बैच ने देवास के प्रसिद्ध शंकरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र का भ्रमण किया। वन मंडलाधिकारी अमित चौहान के निर्देशन में आयोजित इस चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में 48 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। वैभव उपाध्याय (वन क्षेत्रपाल) के नेतृत्व में आए इस दल में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे खंडवा, बुरहानपुर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार और इंदौर के वनरक्षक शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन उपवन क्षेत्रपाल राकेश मोदी द्वारा किया गया।पहाड़ी को हरा-भरा बनाने के सामुदायिक प्रयासों पर चर्चाप्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और विशेषज्ञों ने प्रशिक्षुओं को शंकरगढ़ पहाड़ी के कायाकल्प की कहानी सुनाई। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई किकैसे जन-भागीदारी से एक पहाड़ी को वन का रूप दिया गया है। विशेषज्ञ मार्गदर्शन-राजेश चौहान (वन परिक्षेत्राधिकारी), श्याम शर्मा (परिक्षेत्र सहायक) और कृष्णा यादव (वनरक्षक) ने वानिकी कार्यों की जानकारी दी। ग्रीन आर्मी का योगदान- ग्रीन आर्मी के भरत पाटीदार ने वन संरक्षण और जागरूकता के जमीनी अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षुओं ने पहाड़ी पर स्थित विभिन्न वाटिकाओं का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली को समझा। नगर वन क्षेत्र में रोपित की गई 42 प्रजातियों, पौधारोपण तकनीक, और भू-जल संरक्षण के लिए बनाई गई संरचनाओं का अध्ययन किया। प्रशिक्षुओं ने सीड बॉल निर्माण और बीज रोपण की विधियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

### मैजिक-बस संस्था के बैनर तले बनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# नारी शक्ति ही है हमारे देश की शान, जब बढ़ेगी नारी, तभी बढ़ेगा हिंदुस्तानः मेवाड़ा



मातृशक्ति ने जहां विज्ञान और अंतरिक्ष में कल्पना चावला तथा सुनीता विलियम्स ने अपना परचम लहराया, पी.वी. सिंधु और मैरी कॉम ने महिलाओं को आगे लाने का काम किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज का दिन दुनिया भर की उन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है, जिन्होंने समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उनके साहस और उनकी अनगिनत उपलब्धियों की खुशी मनाने का अवसर है। इतिहास गवाह है कि जब भी महिलाओं को अवसर मिला है, उन्होंने खुद को साबित किया है। आज ऐसी कोई जगह नहीं है जहां महिलाओं ने अपनी छाप न छोड़ी हो। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अलीपुर स्थित मूनलाइट गार्डन में मैजिक बस संस्था के बैनर तले आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नेता सोनू गुणवान, संस्था के राकेश शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की उस्मान खां, भैयालाल, नसरीन बी, वेदांत, सुमित आदि द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात संस्था द्वारा उपस्थित मातृशक्तियों को छोटे व्यापार को बड़ा रूप कैसे दे इससे संबंधित वीडियो भी दिखाए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित मातृशक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चाहे राजनीति हो, व्यापार हो या अधिकारी हो हर जगह महिलाओं की उपस्थिति मौजूद है। मातृशक्ति ने जहां विज्ञान और अंतरिक्ष में कल्पना चावला तथा सुनीता विलियम्स ने अपना परचम लहराया है, वहीं खेल जगत में पी.वी. सिंधु और मैरी कॉम ने महिलाओं को आगे लाने का काम किया है। आज के युग में जहां महिला सरपंच, नपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष जैसे पदों से लेकर देश के सर्वोच्च पद पर काबिज है। एक समाज के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम लड़कियों की शिक्षा पर जोर दें, उन्हें अपने सपने पूरे करने के लिए सुरक्षित माहौल दें। घर और बाहर, हर जगह उनके निर्णयों का सम्मान करें। नारी शक्ति को पहचानो, यही है देश की शान जब बढ़ेगी नारी, तभी बढ़ेगा हिंदुस्तान।

जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान ने कहा कि यह दिन हमें उन चुनौतियों की याद भी दिलाता है, जिनका सामना आज भी कई महिलाएं कर रही हैं। समानता का अर्थ केवल अधिकार देना नहीं, बल्कि महिलाओं को वह सम्मान और सुरक्षा देना भी है जिसकी वे हकदार हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा उपस्थित महिलाओं को टोपी व चश्मा वितरित किया गया। संचालन राकेश शर्मा ने किया तथा आभार नसरीन बी द्वारा व्यक्त किया गया।

## खेत में खड़ी दो किसानों की फसल आग से हुई राख

**ग्रामीणों ने आग बुझाने के किए प्रयास**



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

सिद्धिगंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खाचरोद में रविवार को गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। आग से करीब सात से आठ एकड़ के क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इससे आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। यह आग नौगांव निवासी सिद्धू सिंह लक्ष्मण सिंह के खेत में लगी। आग लगने का कारण बिजली लाइन में फालट या शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

आग लगने की सूचना मिलते ही खाचरोद बापचा बरामद और आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को भी सूचना दी। ग्रामीणों के अनुसार फायर ब्रिगेड करीब 2 घंटे लेट आई। लंबे प्रयास के बाद व ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। समय रहते ग्रामीण खेत पर नहीं पहुंचते तो आग आसपास पूरे क्षेत्र में फैल जाती। ग्रामीण की तत्परता से आग पर काबू पाया गया वहीं ग्राम खाचरोद के किसान मेहरबान सिंह की भी करीब डेढ़ 2 एकड़ की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आसपास के किसानों की सूझबूझ से आंग पर काबू पाया गया। मेहरबान सिंह ने बताया कि मैं गरीब किसान हूं मेरा आसरा खेती से ही चलता है, वह भी जल गई। जिससे मुझे बहुत नुकसान हुआ है। नौगांव निवासी किसान लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उनकी ओर उनके भाई सिद्धू सिंह की करीब 7 एकड़ में बोई गई गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उन्हें आग लगने की सूचना मिली तो वह नौगांव से खाचरोद पहुंचे। तब तक फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूझबूझ से आसपास के क्षेत्र को बचाया गया। वहीं आग लगने से हमें काफी नुकसान हुआ है। सोमवार को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर व एसडीएम ने किसान के खेत पर जाकर निरीक्षण कर उचित मुआवजा देने की बात कही। हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर जली हुई फसल का पंचनामा बनाया। वहीं किसानों ने मांग की है कि फसल का सर्वे करवा कर उचित मुआवजा दिया जाए।

## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का उत्साहः क्रिकेट प्रेमियों ने बड़ी स्क्रीन पर देखा भारत और न्यूजीलैंड का मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के भारत-न्यूजीलैंड मैच को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। क्रिकेट प्रेमियों की पहल पर जिले के गली-मोहल्लों में लोगों ने मैच का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन पर देखा। गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले को देखने के लिए संत रविदास मंदिर पर जाटव समाज कल्याण संगठन द्वारा एलईडी स्क्रीन लगाकर वर्ल्ड कप मैच का आनंद लिया। जहां पर सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी एकत्रित हुए। शाम होते-होते ही क्रिकेट प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में मैच देखने पहुंचे। दर्शकों की सुविधा के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी, लेकिन भीड़ अधिक होने के



कारण कई लोग खड़े होकर भी मैच का रोमांच महसूस करते नजर आए। संत रविदास मंदिर पर माहौल किसी मिनी स्टेडियम जैसा दिखाई दे रहा था। मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाजों द्वारा लगाए चौकों और छक्कों पर पूरा परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। अंत में भारतीय टीम की जीत पर प्रसंसकों ने जमकर आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दी।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक और सांस्कृतिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सांची स्तूप तथा जनजातीय संग्रहालय भोपाल का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सांची स्तूप के ऐतिहासिक महत्व, बौद्ध कला एवं स्थापत्य शैली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यहां स्थित स्तूप, तोरण द्वार एवं शिल्पकला विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।




विद्यार्थियों ने बौद्ध धर्म से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों, मूर्तिकला तथा उस समय की जीवनशैली के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों को भोपाल स्थित जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। संग्रहालय में मध्यप्रदेश की विभिन्न जनजातियों की संस्कृति, परंपराएं, जीवनशैली, कला, संगीत, आभूषण, वेशभूषा एवं आवासीय संरचनाओं का अत्यंत जीवंत एवं आकर्षक प्रदर्शन किया गया है। विद्यार्थियों ने यहाँ प्रदर्शित कलाकृतियों और मॉडलों के माध्यम से जनजातीय समाज के सांस्कृतिक वैभव और जीवन मूल्यों को निकट से समझा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्व के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भ्रमण में भाग लिया और इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया।

## मंदिर में भक्ति और आस्था का दिखा अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड स्थित गोगापुर में रंग पंचमी के अवसर पर प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में चूल का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु आस्था और विश्वास के साथ सदियों से चली आ रही चूल की धार्मिक परंपरा का निर्वाह पूर्ण आस्था के साथ करते हुए धड़कते के अंगारों पर आस्था और भक्ति के साथ नंगे पैर चले।



इस धर्ममय माहौल को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में नगर वासी एवं ग्रामीण श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।

## फाग उत्सव मनाने देवास पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय, भजन गाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार शाम देवास की माता टेकरी पहुंचे। रंगपंचमी से ठीक एक दिन पहले शनिवार को आयोजित फाग उत्सव में शामिल हुए मंत्री विजयवर्गीय पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा माई के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। छोटी माता चामुंडा मंदिर पर नाथ और पुजारी परिवार द्वारा पारंपरिक रूप से आयोजित होली महोत्सव में मंत्री विजयवर्गीय ने खुद माइक थाम लिया। उन्होंने पूरे भक्तिभाव से ₹सारा जग है इक बंजारा, सबकी मंजिल तेरा द्वारा और तूने मुझे बुलाया शेरावालिए जैसे सुमधुर भजन गाए। उनकी प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया और वहां मौजूद तमाम श्रद्धालु भी भक्ति में लीन होकर झूम उठे। माता के दर्शन और आरती के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने दुनिया के मौजूदा हालातों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे विश्व में अशांति और युद्ध का माहौल है। ऐसे मुश्किल वक्त में यदि कोई देश दुनिया को शांति का सही संदेश दे सकता है, तो वह केवल हमारा भारत है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि वे माता टेकरी पर विशेष रूप से विश्व शांति की ही प्रार्थना करने आए हैं। माता टेकरी पर आयोजित इस फाग उत्सव और मंत्री के दर्शन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, नगर निगम कमिश्नर दलीप सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।



### सिद्धिगंज के धरमपुरी में शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे विधायक

# पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का दिया भरोसा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

दो दिन पूर्व सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धरमपुरी में परीक्षा देने आ रहे छात्र कुलदीप एवं उसकी बहन शीतल की पुरानी रंजिश के चलते उसके बड़े पिता व अन्य सदस्यों ने लाठी से पीट पीट कर हत्या कर दी थी। उक्त घटना से पूरा क्षेत्र दुखी है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर दुखी परिवार के बीच शोक संवेदना व्यक्त कर उनसे मिलने, चर्चा कर उनकी पीड़ा सुनने ग्राम धरमपुरी पहुंचे ओर दोनों मृतक बालक एवं बालिका के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर बच्चों के दादा, पिता, मामा को दुख की इस घड़ी में सांत्वना दी एवं ढाढस बंधाया। इस दौरान आष्टा एसडीएम नितिन टाले, रेंजर नवनीत झा भी उपस्तिथ थे। उन्होंने भी मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने कहा की अपराधी अपराधी होता है,उसकी ना कोई जाति होती है और ना धर्म, ऐसे अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा मिलना ही चाहिये।

शोकाकुल पीड़ित परिवार के जगदीश मालवीय,मुकेश मालवीय ने पूरी घटना व घटना के कारणों से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अवगत कराया एवं सिद्दीकगंज पुलिस की लापरवाही की भी शिकायत की। पीड़ति पक्ष ने आज फिर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के समक्ष मांग की की आरोपी को फांसी हो,उसका मकान तोड़ा जाये एवं सिद्दीकगंज टीआई को हटाया जाये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीड़ित पक्ष को भरोसा दिया कि प्रशासन, पुलिस ठोस कार्यवाही करेगी, आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके निर्देश दिए। दुखी परिवार के बीच पहुंचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीड़ति परिवार को अपनी ओर से आर्थिक सहायता देने के साथ परिवार को अनाज व अन्य आवश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध कराने के साथ पंचायत की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास,अंत्येष्टि सहायता राशि उपलब्ध कराने के एसडीएम को निर्देश दिये। पीड़ित पक्ष ने सिद्दीकगंज टीआई की जो शिकायते की विधायक ने पीड़ति पक्ष को पूर्ण भरोसा दिया कि वे इसको लेकर जल्द ही एसपी सीहोर से चर्चा कर कार्यवाही करने को कहेंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कल्याणसिंह ठाकुर, सिद्दीकगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, महेंद्रसिंह ठाकुर, जयसिंह ठाकुर, अशोक राठौर, महेन्द्र काजले, शिवम सोनी, दिनेश पंवार, जितेन्द्र सोलंकी, लक्ष्मीनारायण वर्मा, धर्मेन्द्र मालवीय सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### नूरी मस्जिद पर हुआ सामूहिक रोजा इफ्तार

चापडा। एक किताबघर में रखी गीता और कुरान आपस में कभी नहीं लड़ते और जो उनके लिए लड़ते हैं वो उन दोनों को कभी नहीं पढ़ते, उक्त बातें बागली नगर की नूरी मस्जिद पर रोजा इफ्तार के दौरान नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन शिवहरे ने कही। बागली नगर की सौहार्द और सद्भावना की परंपरा अनुसार नगर व देश में अमन चैन की पवित्र भावना के साथ विपिन शिवहरे मित्र मंडल और ओम महाशक्ति ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार रमजान के पवित्र महिने में 17 वां रोजा इफ्तार कराया गया। इस दौरान ग्रुप के सतीश गेहलोद, राजेश वर्मा, जगदीश राठौर, मोहित व्यास,राजा खान, नावेद अली,शारुख शेख, सोहेल खान,जितेन्द्र भाई, सोनू पटेल गणेश पचौरिया, यश भाटी सहित सभी साथियों ने इस अवसर पर नूरी मस्जिद के पेश इमाम अब्दुल वाहिद नूरी, कुरान हाफिज शब्बीर अहमद, सदर फिरोज खान, वरिष्ठ समाजसेवी सलीम खान, पिरमोहम्मद, शिक्षक वारिस अली, रईस ठेकेदार,जालीम, इकबाल शाह, शकील खान, कादर खान आदि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा उपस्थित सैकड़ों समाज जनों का इफ्तारी के साथ रोजा इफ्तार कराया गया।

### भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का होली मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर पवार ने महिलाओं के सशक्तिकरण की इस प्रकार की पहल के लिए संगठन को शुभकामनाएं प्रेषित की और आश्वस्त किया कि संगठन की प्रत्येक देश हितार्थ गतिविधियों में उनका पूरा सहयोग रहेगा। संगठन किसान ओर मजदूर वर्ग के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है जिसकी देश को आवश्यकता है। इस अवसर पर मनोरमा, वीणा के साथ कई महिलाए एवं बच्चे भी उपस्थित थे। दो भजन मंडलियों भजनों के साथ, नृत्य, फूलों से वर्षा कर इस उत्सव को मनाया। करीब 150 से अधिक कार्यकर्ता, महिला सदस्य एवं पदस्थ अधिकारी उज्वला व्यास, हिरामणी, विद्या, भागवती, बेबी, रेखा, संगीता, माधुरी, हर्षा, चेतन, आनन्द, अनुप एवं किसान भाई उपस्थित थे। भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया के द्वारा सभी कार्यकर्ता को स्टील ट्रे का उपहार दिया गया।